वर्ष- 2 , अंक- 336
छपरा
19 अक्टूबर रविवार 2025
पृष्ठ - 04
दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं...

### पीएम मोदी बोले मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं। भगवान धन्वंतरि सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेताओं ने शनिवार को धनतेरस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आप सभी को पावन पर्व धनतेरस की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं!

## पंजाब डीआईजी ने 5 जगहों पर छिपाया था गोल्ड-कैश

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब पुलिस के DIG हरचरन सिंह भुल्लर ने चंडीगढ़ की कोठी में 5 जगह कैश और गोल्ड छुपा रखा था। छापा मारने गई CBI की टीम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि DIG ने बेड के अंदर कैश रखा था।

क्रॉकरी की अलमारी में भी निचले हिस्से में कैश भरा हुआ था, जिसे लॉक किया गया था। DIG ने सामान की 2 आलमारियों में सोना छिपाकर रखा था। कैश और गोल्ड को इस तरह से रखा गया था कि बाहर से देखने पर किसी को शक न हो।

DIG भुल्लर की एक महीने की सैलरी करीब 2.64 लाख रुपए बनती थी, लेकिन कैश और गोल्ड बरामदगी से पता चला कि वह लग्जरी लाइफ जी रहे थे। लुधियाना में उनके समराला फार्महाउस से जो शराब की बोतलें मिली हैं, उनमें से कई 50 हजार से ज्यादा कीमत की हैं।

CBI ने DIG भुल्लर और उनके एजेंट कृष्णु को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्रा से 8 लाख रिश्वत लेते हुए पहले एजेंट कृष्णु को सेक्टर-21 से पकड़ा गया था।

## शादी का प्रस्ताव ठुकराया तो युवक ने कॉलेज छात्रा का गला रेता

### पिता की शिकायत पर पड़ोसी गिरफ्तार

**बंगलूरू,एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में पुलिस ने 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कॉलेज छात्रा के शादी से इनकार करने पर मुख्य आरोपी विग्नेश (28 वर्षीय) ने कथित तौर पर गुस्से और हताशा में उसकी हत्या कर दी। आरोपी विग्नेश, पीड़िता का पड़ोसी है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की गला रेतकर हत्या की गई और उसका शव रेलवे ट्रैक के पास से बरामद हुआ। यह घटना 16 अक्टूबर को दोपहर करीब 2.30 बजे हुई, जब फार्मेसी प्रथम वर्ष की छात्रा और स्वतंत्र पाल्या इलाके की निवासी यामिनी प्रिया कॉलेज से घर लौट रही थी।

# राजनाथ बोले- भारत, पाकिस्तान को जन्म दे सकता है तो...

### मुझे आगे बोलने की जरूरत नहीं; लखनऊ से ब्रह्मोस की पहली खेप रवाना की






**लखनऊ,एजेंसी।** लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। जीत हमारी आदत है। अब इस आदत को हमें न सिर्फ बनाए रखना है, बल्कि इसे और मजबूत करना है।

उन्होंने कहा- दुश्मनों को पता चल गया है कि उसकी एक-एक इंच जमीन हमारी ब्रह्मोस की जद में है। ऑपरेशन सिंदूर में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर था। उस ट्रेलर से ही पाकिस्तान को यह एहसास हो गया कि अगर भारत उसे जन्म दे सकता है तो...आगे मुझे बोलने की जरूरत नहीं है। आप खुद समझदार हैं।

राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने लखनऊ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से धनतेरस के दिन शनिवार को ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप रवाना की। इससे पहले दोनों ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट में बूस्टर और वारहेड बिल्डिंग का उद्घाटन किया। दोनों ने सुकोई लड़ाकू विमान (स्-30) के जरिए ब्रह्मोस के वर्चुअल हमले को देखा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट का उद्घाटन 5 महीने पहले 11 मई 2025 को हुआ था। यूनिट मिसाइल इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और क्वालिटी एग्जामिनेशन जैसी मॉडर्न सुविधाओं से लैस है। बता दें कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी रक्षा कंपनी एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया की तरफ से डिजाइन की गई ब्रह्मोस ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सैन्य बुनियादी ढांचों को तबाह कर दिया था।

### अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में

राजनाथ सिंह ने कहा- ब्रह्मोस जैसी उपलब्धियों से मेड इन इंडिया ग्लोबल ब्रांड बन गया। अब हम फिलीपींस को ब्रह्मोस निर्यात करेंगे। यानी अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में आ गया है।

इस बड़ी फैसिलिटी के साथ यूपी में छोटे व्यवसायियों के लिए बड़ा मौका डेवलप हो रहा है। छोटे-छोटे पार्ट्स बड़े प्रोजेक्ट में जरूरी होते हैं इसलिए इस यूनिट से कई तरह के फायदे हैं। यूपी से ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी हो रही है। इसका जीएसटी सरकार को मिला। इस तरह से मां लक्ष्मी की कृपा सेना के साथ इकोनॉमी पर भी हो रही है। एक मिसाइल से मिलने वाली आय से सरकार कई हॉस्पिटल बना सकती है। राजनाथ ने कहा-आंतरिक या बाह्य सुरक्षा के हर मौके पर यूपी आगे है। 200 एकड़ में ब्रह्मोस की यह फैसिलिटी फैली है। यहां से हर साल 100 मिसाइलें बनेंगी। मिसाइल आर्मी को भी मिलेंगी और नेवी को भी मिलेंगी। कुछ समय पहले तक यहां गुंडाराज और लॉ एंड ऑर्डर गड़बड़ था। यह यूनिट देश की बढ़ती ताकत की पहचान है। देश के किसी भी हिस्से में ब्रह्मोस की चर्चा करते हैं तो उनके जेहन में मिसाइल के साथ विश्वसनीयता का भाव आ जाता है। बच्चे से लेकर वृद्ध तक, लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, सबको यह विश्वास हो जाता है कि हमारे ऊपर मजबूती की छांव है। ब्रह्मोस तीनों सेनाओं की रीढ़ है।

# महाराष्ट्र में अष्टम यात्रा के दौरान वाहन पलटा, 8 श्रद्धालुओं की मौत, 20 घायल

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला स्थित चंद्रशैली घाट पर शनिवार को सुबह अष्टम पर्वत यात्रा के लिए गया एक वाहन पलट गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 20 यात्री घायल हुए हैं। इन सभी को तलोदा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही नंदुरबार पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य कर रही है। इस घटना में मृतकों की संख्या बढने् की संभावना है। इसकी छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार की सुबह धनतेरस के अवसर पर श्रद्धालुओं को लेकर एक निजी मालवाहक वाहन अष्टम पर्वत यात्रा के लिए गया था। सुबह जब वाहन नंदुरबार जिले के चंदशैली घाट पर पहुँचा, तो चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन पलट गया। इस वाहन में लगभग 40 श्रद्धालु सवार थे। कई लोग वाहन के नीचे कुचले गए। इस दुर्घटना में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायलों को नंदुरबार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों को तलोदा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों और घायलों में से कई नंदुरबार जिले के शहादा तालुका के भूराती और वैजली के निवासी हैं। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढने् की संभावना है।



उल्लेखनीय है कि भारत में कहीं भी अश्वत्थामा के स्थान का उल्लेख नहीं है, लेकिन नंदुरबार जिले की सतपुड़ा पर्वतमाला में चार हज़ार फुट ऊँचे पर्वत पर स्थित अष्टम्ब ऋषि के नाम से उनका स्थान है। एक किंवदंती के अनुसार, शापित अवस्था में घायल अश्वत्थामा घाटी में तेल माँगते हैं और कभी-कभी रास्ते में भटके तीर्थयात्रियों का मार्गदर्शन भी करते हैं, इसलिए हर साल धनतेरस से हज़ारों भक्त दो दिनों के लिए अष्टम्ब यात्रा पर निकलते हैं।

मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से हजारों भक्त पहाड़ की चोटी पर आते हैं, जो शूलपाणि वन के बीच लगभग 4,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। शिखर पर पहुंचने के बाद, वहां एक पत्थर है। भक्त इसकी पूजा करते हैं।

# इंडिया ब्लॉक में खींचतान, 10 सीटों पर महागठबंधन कैंडिडेट्स आमने-सामने

**● शाह बोले- लालू जंगलराज चाहते हैं ● पहले फेज का नामांकन खत्म**

**नई दिल्ली/पटना,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। मतदान 6 नवंबर को होगा। नामांकन खत्म होने के बाद भी महागठबंधन में सीटों की खींचतान खत्म नहीं हुई। कांग्रेस ने 48 और CPIML ने 18 कैंडिडेट के नामों का ऐलान किया है।

राजद ने उम्मीदवारों की एक भी लिस्ट जारी नहीं की। नामांकन के आखिरी दिन RJD, कांग्रेस और VIP अपने-अपने उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल बांटते रहे। 10 सीटों पर महागठबंधन की पार्टियों ने एकदूसरे के खिलाफ उम्मीदवार को उतार दिया है।

कांग्रेस और RJD ने 5 सीटों पर अपने-अपने कैंडिडेट उतारे हैं।



तीन सीटों पर CPI और कांग्रेस, एक सीट पर VIP और RJD में मुकाबला होगा। नाराज चल रहे VIP प्रमुख मुकेश सहनी ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वे डिप्टी सीएम बनेंगे। राज्यसभा नहीं जाएंगे।

उधर, NDA की पांचों पार्टियों ने आपसी तालमेल से उम्मीदवार उतारे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 16 से 18 अक्टूबर तक बिहार दौरे पर हैं। वे आज पटना में भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे। शुक्रवार को वे पटना के ज्ञान भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए। इसमें उन्होंने कहा-लालू नए चेहरे और नए कपड़े बदलकर फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं। इसे रोकना होगा।

कांग्रेस के नाराज नेता बोले- महागठबंधन टूटने वाला है


महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कलह अब खुलकर सामने आ गई है।

# पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक में 3 अफगान क्लब क्रिकेटरों सहित 14 नागरिकों की मौत




### ● पाक के साथ होने वाली टी-20 सीरीज से हटा अफगानिस्तान

**काबुल/इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के हमले में अफगानिस्तान के 3 क्लब क्रिकेटर्स की मौत हो गई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने इसकी पुष्टि की है। हमले में 14 अफगानी भी मारे गए हैं जबकि 16 घायल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 48 घंटे का सीजफायर शुक्रवार शाम 6 बजे खत्म हुआ था। इसे आगे बढ़ाने पर सहमति बन गई थी। लेकिन कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक की। अफगान मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक, इन हमलों में उर्गुन और बर्मल जिलों के कई घरों को निशाना बनाया गया। ये इलाका दोनों देशों की बॉर्डर डूरंड लाइन के पास है।




इस घटना के जवाब में, ACB ने नवंबर में पाकिस्तान में होने वाली ट्राई टी-20 सीरीज से हटने का ऐलान किया है। ACB ने कहा कि यह कदम मारे गए क्रिकेटरों के सम्मान में उठाया गया है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेने वाली थीं।

**क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों पर हमला हुआ-** ACB ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी कर बताया कि यह हमला पक्तिका प्रांत की राजधानी शराना में एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों कबीर, सिब्घतुल्लाह और हारून पर हुआ।

# पंजाब से बिहार जा रही गरीब रथ ट्रेन में आग

### सरहिंद स्टेशन के पास एसी बोगी में शॉर्ट सर्किट, सामान छोड़कर यात्री भागे, कई ट्रेनें प्रभावित





**लुधियाना,एजेंसी।** पंजाब के अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ ट्रेन (12204) में शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद स्टेशन के पास आग लग गई। यह आग 19 नंबर AC बोगी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इसमें लुधियाना के भी कई व्यापारी सफर कर रहे थे।

बोगी नंबर 19 में सवार एक यात्री ने आग लगते ही ट्रेन की चेन खींच दी। इससे ट्रेन रुक गई। इसके बाद बोगी में सवार यात्री अपना सामान छोड़कर तुरंत नीचे उतरे। अफरातफरी के बीच ट्रेन से उतरने में कई यात्रियों को चोटें आई हैं। एक यात्री को ज्यादा चोट लगी है। कुछ यात्री अपने बच्चों के साथ सफर कर रहे थे। उधर, सूचना मिलते ही रेलवे, फायरबिग्रेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग में बोगी नंबर 19 पूरी तरह चल गया। 18 नंबर बोगी को भी नुकसान पहुंचा है। जली बोगी को अलग करने के बाद ट्रेन को 3 घंटे बाद अंबाला के लिए रवाना किया गया। उधर, रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। अंबाला डिवीजन के डीआरएम भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। उधर, इस घटना का असर कई अन्य ट्रेनों पर भी पड़ा है। अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस, गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, दिल्ली इंटरसिटी, और जालंधर इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के संचालन में देरी हुई।

अंबाला मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनोद भाटिया ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आई है।

# दिल्ली में सांसदों के लिए बने अपार्टमेंट में आग लगी

### यहां कई एमपी और उनके स्टाफ के फ्लैट; लोग बोले- फायर बिग्रेड देरी से पहुंची



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के ब्रह्म रोड पर मौजूद सांसदों के लिए बने ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई। यहां पर कई राज्यसभा सांसदों और उनके स्टाफ के घर (फ्लैट) हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि फायर बिग्रेड को तुरंत ही आग लगने की जानकारी दी गई थी, इसके बावजूद टीम ने आने में देरी की। वहीं, घटना पर दिल्ली फायर सर्विसेज के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 1.22 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद फायर बिग्रेड की 6 गाड़ियों को मौके पर भेजी गईं। आग बुझाई जा रही है। घटना का जो वीडियो सामने आए हैं उनमें नजर आ रहा है कि लोग यहां से वहां दौड़ रहे हैं। पुलिस लोगों को पीछ हटा रही है। अपार्टमेंट के ग्राउंड पर आग की लपटें नजर आ रही हैं। काला धुआं उठता दिख रहा है।



# अनोखी दिवाली-बंगाल में जलती चिताओं के बीच काली पूजा

### कोलकाता महाश्मशान में दिवाली की 154 साल पुरानी परंपरा; यहां मां की मूर्ति में जीभ अंदर

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में जितना महत्व नवरात्र का है, लगभग उतना ही काली पूजा का है, जो दीपावली के दिन यानी 20 अक्टूबर को होगी। इसकी तैयारियां महानगर के सबसे बड़े श्मशान केवड़ातला पर लगभग पूरी हो चुकी हैं।

यह जगह मशहूर कालीघाट मंदिर के पास ही है, जहां चौबीस घंटे चिताएं जलती हैं। इसलिए इसे महाश्मशान कहा जाता है। फिलहाल डोम संप्रदाय के लोग श्मशान की दीवारों की रंगाई-पुताई कर चुके हैं।



काली पूजा के आयोजक उत्तम दत्त बताते हैं कि जब तक श्मशान में कोई शव नहीं आता, तब तक देवी को हम भोग नहीं चढ़ाते। पूरे बंगाल में यह पूजा सिर्फ कालीघाट पर ही होती है।इसके अलावा, उनकी पूजा के समय यहां जलने के लिए आने वाली एक चिता भी पंडाल में रखी जाती है। इन्हीं परंपरा के चलते ही श्मशान का माहौल रहस्यमय बन जाता है।

# मढ़ौरा से एलजेपी (आर) प्रत्याशी व भोजपुरी एक्टर सीमा सिंह समेत चार का नामांकन रद्द

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** 117- मढ़ौरा विधानसभा के एलजेपी (आर) प्रत्याशी व भोजपुरी एक्टर सीमा सिंह समेत चार का नामांकन रद्द हो गया। शनिवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान नामांकन पत्र में त्रुटी को लेकर निर्वाची पदाधिकारी ने नामांकन पत्र रद्द करने की जानकारी दी। एलजेपी आर प्रत्याशी के अलावे जिन अभ्यर्थियों के नामांकन रद्द रद्द किए गए हैं, उनमें जदयू के बागी व निर्दलीय प्रत्याशी अल्ताफ आलम राजू, बसपा के आदित्य कुमार और निर्दलीय विशाल कुमार का नामांकन रद्द हुआ हैं। मालूम हो कि एलजेपी आर ने सीमा सिंह को नामांकन के लिए आखिरी दौड़ में प्रत्याशी घोषित किया और नामांकन के आखरी दिन शुक्रवार को आनन फानन में दोपहर में नामांकन पत्र दाखिल किया था, उसी दिन से लोगों में उनके नामांकन रद्द होने की अटकलें तेज थी और शनिवार को संवीक्षा उपरांत उनका नामांकन रद्द होने की जानकारी मिली। वहीं जेडीयू के पूर्व प्रत्याशी रहे और इस बार बागी के तौर पर निर्दलीय नामांकन करने वाले अल्ताफ आलम राजू के नामांकन पत्र भी रद्द हो जानें पर लोगों ने आश्चर्य प्रकट किया। मढ़ौरा से चार अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द होना बड़ी चर्चा का विषय बन गया है।



(एलजेपी (आर) प्रत्याशी सीमा सिंह )

**मढ़ौरा विस क्षेत्र से नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत विधिमान्य नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की सूची**

(1) लालू प्रसाद यादव - राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी
(2) सनदेव कुमार राय- निर्दलीय
(3) जितेंद्र कुमार राय - राष्ट्रीय जनता दल
(4) अंकित कुमार - निर्दलीय
(5) मनेजर कुमार - निर्दलीय
(6) नवीन कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह - जनसुराज पार्टी
(7) अभिषेक रंजन - निर्दलीय
(8) मधुबाला गिरी - द प्लुरल्स पार्टी
(9) पुरुषोत्तम कुमार - राष्ट्रीय सब जनशक्ति पार्टी

# मशरक में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**दैनिक खोज खबर/छपरा/मशरक(सारण)।** मशरक स्थित एस.एस.जी. पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट और गाइड सारण के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।यह आयोजन जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने निर्देश के आलोक में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक सह प्रिंसिपल श्री शशि रंजन कुमार के निर्देशन में किया गया। रंगोली के माध्यम से भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों ने मतदान के महत्व पर सुंदर संदेश प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सोनू कुमार,संटू कुमार,नौशाद अली,पूजा सिंह, आलोक कुमार,हिमांशु सिंह,संध्या कुमारी,शोभा देवी,आनंद तिवारी,चांदनी महतो,पुष्पा सिंह,रूपा सिंह,खुशी,गुड्डी कुमारी,तारा राज एवं नेहा सिंह की सराहनीय भूमिका रही।कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जन-जन में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।भारत स्काउट और गाइड स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिवस अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

# विस चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा संपन्न, 133 अभ्यर्थियों ने भरा था पर्चा, 24 नामांकन पत्र रद्द

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार विधान सभा आम चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रत्याशियों के नामांकन की संवीक्षा आयोजित की गयी। संवीक्षा की कार्रवाई सभी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए समान्य प्रेक्षकगण की उपस्थिति में की गयी। नामनिर्देशन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तक कुल 133 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा था। संवीक्षा के क्रम में कुल 24 नामांकन पत्र रद्द हुए। इस प्रकार कुल 109 प्रत्याशियों के पर्चे सही पाए गए। 113 - एकमा में कुल 10 पर्चों में एक भी नामांकन रद्द नहीं किया गया। 114- मांझी में कुल 15 में 03 नामांकन रद्द किए गए। 115- बनियापुर में कुल 11 में 03 नामांकन रद्द किए गए। 116- तरैयां में कुल 14 में कोई नामांकन रद्द नहीं किया गया। 117- मढ़ौरा में कुल 13 में 04 नामांकन रद्द किए गए। 118- छपरा में कुल 16 में 06 नामांकन रद्द किए गए। 119- गरखा में कुल 16 में 02 नामांकन रद्द किए गए। 120 - अमनौर में कुल 16 में 03 नामांकन रद्द किए गए। 121 - परसा में कुल 12 में कोई भी नामांकन रद्द नहीं किया गया। जबकि 122 - सोनपुर में कुल 11 में 03 नामांकन रद्द किए गए।

# चुनाव को लेकर मशरक चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच अभियान तेज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मशरक थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौंक पर बनें चेक पोस्ट पर शनिवार को स्थानीय पुलिस एवं अर्ध सैनिक के जवानों ने संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया, चारपहिया और मालवाहक वाहनों की बारीकी से जांच की गई। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों, शराब, हथियार या नकदी के अनधिकृत परिवहन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की जा रही है ताकि किसी भी तरह की अशांति या आचार संहिता उल्लंघन की संभावना को पहले ही रोका जा सके। सीओ सुमंत ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि आम जनता से अपील की है कि वे जांच कार्य में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। प्रशासन का कहना है कि चुनाव को लेकर शांति, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

# सोनपुर विस चुनाव में 3 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र रद्द, अब 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत 122 सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण के तहत मतदान 6 नवंबर को मतदान होगी. जिसका नामांकन की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू हुआ जो अंतिम दिन 17 अक्टूबर तक कुल 11 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था. जहां शनिवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा के दौरान नामांकन पत्रों में त्रुटि के लेकर निर्वाची पदाधिकारी ने तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दी है. उक्त बात की जानकारी सूचना जनसंपर्क अधिकारी ने देते हुए बताया कि सोनपुर में 11 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जिसमें तीन उम्मीदवारों के नामांकन रद्द किया गया है। जिन उम्मीदवारों को नामांकन रद्द किया गया है उसमें मनोज कुमार सिंह,रवि कुमार शर्मा,ममता सिंह शामिल है. चुनावी मैदान में कुल 8 उम्मीदवार में से जन सुराज पार्टी से डॉ चंदन लाल मेहता, राजद से डॉ रामानुज प्रसाद, बीजेपी से- विनय कुमार सिंह, समता पार्टी- अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार- भारतीय कांग्रेस पार्टी, सुरेंद्र प्रसाद यादव- जनशक्ति जनता दल, रोहित कुमार राय --निर्दलीय, रमेश कुमार --निर्दलीय सहित कुल 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाएंगे।

जिन उम्मीदवारों का नामांकन पत्र रद्द हुआ है उनके चेहरे पर मायूसी छा गई। वही दूसरी ओर राजनीतिक दलों के संभावित उम्मीदवारों को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है। इस बार सोनपुर कि जनता विकास के मुद्दे को लेकर चर्चा कर रहे हैं। लोग वर्तमान विधायक के कार्य प्रणाली को लेकर चर्चा कर रहे हैं तो कुछ लोग जाति समीकरण को जोड़ने में लगे हुए हैं। वही विकास मुद्दा, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, रोजगार, जन समस्याओं जैसी समस्याओं से चिंतित होकर एक अच्छे प्रतिनिधित्व को चुनने के लिए सोशल मिडिया के तहत लोगों से अपील कर रहे हैं। सोनपुर विधानसभा में भ्रष्टाचार,अपराध जैसी समस्याओं से निजात मिले इसके लेकर जाति, धर्म से उपर उठकर एक कर्मठ उम्मीदवार को चुनने की अपील युवा वर्ग कर रहे हैं। वही पार्टी के समर्थक शोशल मीडिया पर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। फेसबुक, व्हाट्सएप और एक्स (ट्विटर) जैसे प्लेटफार्म पर सोनपुर की सियासत सबसे अधिक चर्चा में है।सोनपुर सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकवला होगा जिसमे यदुवंशी, रघुवंशी व अति पिछड़ा के उम्मीदवार के साथ चुनावी दंगल होगा। सोनपुर सीट में बेहद दिलचस्प मुकाबला होगा। क्योंकि स्थानीय मतदाता भी इस बार मुद्दों और उम्मीदवारों के किए गये कार्यप्रणाली को भी याद कर रहे है। अब देखना यह है कि सोनपुर विधानसभा की जनता जाति, पार्टी से उपर उठकर विकास को प्राथमिकता दे रही है या पहले से आ रही जाति, पार्टी के पुरानी परंपरा को निर्वहन कर रहे हैं. युवा वर्ग इस बार विकास की मुद्दा को प्राथमिकता दे रहे हैं क्योंकि हर चौक चौराहा के चाय दुकान, नास्ता दुकान, किराना दुकान हो या कार्यालय में चुनावी चर्चा में विकास मुद्दा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# विश्वविद्यालय के सीनेट सभागार में मतदाता परिचर्चा क्वीज प्रतियोगिता एवं मतदाता संवाद का हुआ आयोजन




## एक मत से होती है जीत हार, कोई मत ना हो बेकार, 6 नवंबर को है मतदान सारण है तैयार

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्थानीय जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सीनेट सभागार में सारण जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग एवं पाटलिपुत्र इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस रिसर्च नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता परिचर्चा, संवाद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉक्टर गजेंद्र कुमार, प्रोफेसर डॉ लाल बाबू यादव, सीपीएस निदेशक डॉ हरेंद्र सिंह, वक्ता डा सोनाली सिंह, स्वीप कोषांग के संतोष कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

**लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित = प्रभारी कुलपति :**मतदाता जागरूकता को लेकर आयोजित इस परिचर्चा को संबोधित करते हुए प्रभारी कुलपति डॉक्टर गजेंद्र कुमार ने भारतीय संविधान और लोकतंत्र के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा क्या संविधान में निहित प्रावधान के आलोक में भारत के सभी नागरिकों के दायित्व एवं कर्तव्य को बताया। उन्होने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। आने वाले चुनाव में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

**एक मत से होती है जीत और हार - डा लाल बाबू यादव :**वही प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित प्रोफेसर डॉ लाल बाबू यादव ने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए कहा कि एक मत से जीत और हार होती है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में ऐसे कई उदाहरण है जो इस वाक्य को सबल प्रदान करते हैं। परिचर्चा में शामिल छात्रों को संबोधित करते रहे हुए श्री यादव ने संविधान निर्माण उसके तहत मिले अधिकार, नागरिक कर्तव्य एवं लोकतंत्र में सबों की भागीदारी विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

**शहरी निर्वाचक भी शत प्रतिशत मतदान कर निभाए अपना कर्तव्य =संतोष**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष कुमार ने स्वीप गतिविधि और उसके उद्देश्य से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने विगत चुनाव में वीटीआर की जानकारी दी और बताया कि प्रयास के बावजूद शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत औसत से भी कम रहा है लेकिन इस चुनाव में सभी को प्रयास करके शत प्रतिशत निर्वाचक को मतदान केंद्र पहुंचाना है। जिससे कि सारण में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो सकें। उन्होने युवाओं से कहा कि भारत का कोई भी युवा जिसकी 18 वर्ष की उम्र सीमा हो जाती है वह निर्वाचक सूची में अपना नाम दर्ज करा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ecinet मोबाइल ऐप के माध्यम से नए मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते है। श्री कुमार ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य ही है आगामी 6 नवंबर को सभी निर्वाचकों को उनके घर से मतदान केंद्र पर जाने के लिए प्रेरित करना। इस दौरान उपस्थित छात्रों को मतदाता संकल्प शपथ दिलाया गया। साथ ही यह आह्वान किया गया कि आगामी 6 नवंबर को अपने-अपने अभिभावक एवं आस-पास के सभी निर्वाचकों को मतदान केंद्र पर भेजने का कार्य करेंगे।

**बेहतर समाज के निर्माण के लिए मतदान जरूरी : डा सोनाली सिंह**

परिचर्चा में वक्ता डा सोनाली सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता के अधिकार विषय पर अपनी बातों पर रखते हुए कहा कि मतदान एक प्रक्रिया है। जहां एक निर्वाचक अपने मताधिकार का प्रयोग कर समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान मतदान के जरिए देता है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में एक एक मत का अहम योगदान है। लेकिन ज्यादातर निर्वाचक मतदान के दिन घोषित छुट्टी का आनंद लेते है जबकि उस दिन हमे अपने कर्तव्यों के निर्वहन करना अति आवश्यक है। जिससे कि हम बेहतर समाज और सरकार की स्थापना कर सकें।

*क्विज प्रतियोगिता में निशांत ने पाया प्रथम स्थान*

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संचालक भंवर किशोर द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों से निर्वाचन की प्रक्रिया, मतदान, भारतीय संविधान में लोकतंत्र के विषयों पर प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रतनपुरा के निशांत कुमार साह, द्वितीय पुरस्कार पूर्वी हेमनगर की श्रेया श्रीवास्तव तथा तृतीय पुरस्कार उतरी दहियांवा टोला के जीशु सिंह ने प्राप्त किया। जिसे उपास्थित अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के तीसरे सत्र में मतदाता संवाद का अयोजन किया गया। जिसमें मतदान की आवश्यकता और उसके वर्तमान पहलू, संसोधन की आवश्यकता विषय पर प्रतिभागियों के विचार व्यक्त किए गए। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए बदलते परिवेश और आधुनिकीकरण में मतदान के नियम में संशोधन और मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए नए संशोधनों की आवश्यकता जताई। वहीं इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुल सचिव नारायण दास, परीक्षा नियंत्रक अशोक मिश्रा, विश्वविद्यालय समन्वयक अजीत तिवारी, भंवर किशोर, पाटलिपुत्र इंस्टिट्यूट के बृज किशोर शाहिद विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र एवं छात्राएं शामिल थे।



# विद्यालय परिसर मे रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखण्ड के महम्मदपुर मे स्थित बीसीएस सेन्ट्रल स्कूल मे दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर मे रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी छात्राओं ने विभिन्न रंगों से रंगोली का निर्माण कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घघाटन प्रधानाध्यापक कमल किशोर सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक ने कहा की रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इस तरह की क्रियात्मकता बनाते समय बच्चे बेहद सकारात्मक भाव एवं तनाव मुक्त होकर अपने कार्य को पूर्ण करते हैं। कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।उनकी प्रतिभा भी निखरती है। बीसीएस सेन्ट्रल स्कुल के डायरेक्टर शैलेन्द्र उपाध्याय ने बताया की आयोजन का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रंगोली केवल कला नहीं, बल्कि भावनाओं के संप्रेषण का प्रतीक है। यह आयोजन आपकी प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनेगा। उनके प्रेरक शब्दों ने छात्रों का उत्साह दोगुना कर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक के अलावा शिक्षक सुधाकर तिवारी, राजेश सिंह, मिथिलेश सिंह, मंजीत सिंह, गौरीशंकर सिंह, मनोज सिंह, संदीप सिंह, पूजा कुमारी, वंदना कुमारी, सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छठ पर्व को लेकर मांझी नगर पंचायत द्वारा घाटों की साफ सफाई शुरू

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी में छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत द्वारा स्थानीय छठ घाटों पर शनिवार को सफाई अभियान शुरू किया गया। छठ घाट के अलावा आसपास के रास्ते की भी विशेष तौर पर साफ-सफाई की जा रही है। नगर पंचायत के दुर्गापुर, बहोरन सिंह के टोला, राम घाट, बैरिया घाट सहित आधा दर्जन घाटों की साफ सफाई दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर शुरू किया गया। अभियान के तहत जेसीबी के सहयोग से सड़क के किनारे उगी घास और झाड़ियां को साफ किया गया तथा घाटों का समतलीकरण कराया गया। नगर पंचायत के कर्मचारी रिंकू बाबा ने बताया कि छठ पूजा को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरे नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 1 से 15 वार्ड में छठ पूजा तक चलाया जाएगा।उन्होंने बताया कि घाट पर नगर पंचायत और विभिन्न पूजा समितियों की ओर से व्रतधारियों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था भी की जायेगी, ताकि व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

# न्यू एसएस पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस रंगोली व दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता संपन्न

**दैनिक खोज खबर/तरैया,(सारण)।** प्रखण्ड के उसरी चांदपुरा गांव स्थित न्यू एसएस पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर इंटर हाउस रंगोली एवं दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक मकरध्वज प्रसाद एवं प्रधानाध्यापक आनंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार, रणधीर सिंह, रोमित क्षेत्री, साहिल क्षेत्री, पंकज कुमार यादव, कुणाल कुमार, विनय कुमार, मोमु सिंह, दीपक कुमार, पूनम कुमारी, निभा कुमारी, नीतू कुमारी, प्रिया कुमारी, स्वाति कुमारी, नेहा कुमारी एवं पलक कुमारी उपस्थित रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में चारों हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अशोका हाउस से साम्या परवीन, प्रीति कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अमन सिंह, परी कुमारी और अभिषेक कुमार शामिल थे। सी.वी. रमन हाउस से सानिया प्रवीण, मुसरत खातून, आदित्य कुमार, साक्षी सिंह और सोनम कुमारी ने अपनी प्रतिभा दिखाई। मदर टेरेसा हाउस से खुशबू कुमारी, श्रेया साक्षी, साक्षी सिंह, नसीम अंसारी, काजल कुमारी और तानिस कुमार ने आकर्षक रंगोली प्रस्तुत की। रवींद्रनाथ टैगोर हाउस से नव्या कुमारी, संदीप कुमार, अनमोल कुमार, हार्दिक सिंह, नाजीया खातून और रौनक कुमार ने रंगों से सुंदरता बिखेरी। इसी क्रम में दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। सी.वी. रमन हाउस की स्वाति, अनुप्रिया, खुशी, अंजलि, अनिष्का, मनु और अनामिका ने सुंदर दीयों की सजावट की। अशोका हाउस से अदिति सिन्हा, अनन्या, गुड्डी, तनवीर, अजलान, प्रकाश, सत्यम और रंजन ने अपने सृजन का परिचय दिया। मदर टेरेसा हाउस से आरिफ अहमद, विशाल, प्रिया, आफिया, सलोनी, मयंक, रश्मि और जिन्नत प्रवीण ने भाग लिया। रवींद्रनाथ टैगोर हाउस के धीरज, राजन, आशीष, अंजलि, अनन्या, रोहित, अनूप और खुशबू ने दीयों की आकर्षक सजावट की। विद्यालय परिसर में बच्चों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। निदेशक मकरध्वज प्रसाद एवं प्रधानाध्यापक आनंद सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनशीलता और टीम भावना को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और सभी हाउस को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई।

## होली होम स्कूल में रंगोली सह दीप प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**दैनिक खोज खबर/तरैया,(सारण)।** प्रखंड के शाहनेवाजपुर गांव स्थित होली होम स्कूल में धनतेरस एवं दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली सह दीप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक दीपक कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को धनतेरस और दीपावली के महत्व से अवगत कराया तथा कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सृजनात्मकता और टीम भावना का विकास होता है। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 60 ग्रुप बनाए गए थे, जिनमें 30 ग्रुप रंगोली प्रतियोगिता और 30 ग्रुप दीप सजावट प्रतियोगिता में शामिल हुए। रंगोली प्रतियोगिता में अदिति ग्रुप ने प्रथम स्थान, पूजा ग्रुप ने द्वितीय स्थान तथा पायल ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दीप प्रतियोगिता में आर्यन ग्रुप ने प्रथम, प्रवीन ग्रुप ने द्वितीय और हिमांशु ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजू विवेक एवं राजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक बबन सर, सत्यनारायण सर, रौशन सर, एस.पी.सर, आसिफ सर, पंकज सर, रंजीत सर, दशरथ सर, दिलीप सर, मिथलेश सर, अभिषेक सर, शहजाद सर, गुलशन सर, आदि उपस्थित थे।महिला शिक्षिकाओं में श्रुति प्रियदर्शिनी, खुशी मिस, द्राक्षा मिस, पूजा मैडम, अनुष्का मिस, पूजा मैम, संगीता मिस, कोमल मिस, अंजूम मिस, प्रियंका मैम, बेबी मैम, रजनी मैम, निशा मैम और मीरा मैम, सब्बू मिस, रुकसाना मिस शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण दीपों की रौशनी और रंगोलियों की सुंदरता से जगमगा उठा। बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## दीपावली में मिट्टी के बने लक्ष्मी गणेश,दीयों अन्य समाग्री का ही करे प्रयोग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक चाइनीज सामान आ जाने के कारण पुरानी पारंपरिक चीज खोती जा रही है। मिट्टी के बर्तन भी इन्हीं में से एक माने जा रहे हैं। हालांकि इस दीपावली पर कुम्भकारों को लोगों से काफी उम्मीद जगी रहती है। क्योंकि मिट्टी के बने समाग्री के बिक्री होने उनके घर के भरण पोषण चलते है। ऐसे में अगर आम लोग मिट्टी के दिए उपयोग करेंगे तो अपने घर जगमग होने के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्भकारों के घरों में भी खुशियों की रोशनी जगमगाएगी। मिट्टी के दीये से न केवल मेहनत कश कुम्हार परिवार के लोगों के घरों में खुशियां आती है, बल्कि पर्यावरण को भी काफी लाभ पहुंचता है। मिट्टी के दीपक जलाने से पर्यावरण में अनचाहे कौट पतंग उससे टकराकर मौत को प्राप्त करते हैं। कीट-पतंगों में कमी होने के कारण रवि फसलों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ता है। हालांकि चाइनीस लाइटों के प्रयोग ने मिट्टी के दीये के उपयोग में काफी गिरावट लाई। मिट्टी के दीयों का ही प्रयोग करना चाहिए। धार्मिक मन्यता के अनुसार दीपावली के दिन मिट्टी के बने लक्ष्मी गणेश,दीयों का ही प्रयोग करना चाहिए। इससे धन की देवी मां लक्ष्मी के प्रसन्न होने के साथ-साथ गरीबों के घरों तक भी खुशियों की रोशनी पहुंचती है। मिट्टी का दीपक जलाने से पर्यावरण पर अच्छा प्रभाव पड़ता है साथ ही कीट पतंग का सफाया हो जाता है व फसलों को सुरक्षा भी मिलती है। पर्यावरण की सुरक्षा व गरीबों के घर में खुशियां लाने के उद्देश्य से मिट्टी के दीपक का प्रयोग करना चाहिए। मिट्टी के समाग्री बनाने के व्यवसाय से जुड़े लोगों ने शनिवार को बताया कि सोशल मोडिया पर लगातार चल रहे जागरूकता अभियान के कारण मिट्टी के दिए की मांग में कुछ बढ़ोतरी हुई है। चाय पीने के लिए मिट्टी के गिलास का भी मांग काफी बढ़ा है। इसके बावजूद इस कारोबार से उतना ही आमदनी हो रहा जितना में परिवार का दाल-रोटी चल जाता है।

# धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भारी भीड़

## इलेक्ट्रिक सामान, आभूषण, कपड़ा व बर्तन की डिमांड सबसे ज्यादा रही, देर रात तक सजी रही दुकानें

**● सोनपुर के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भारी भीड़, बर्तन, झाड़ू से लेकर वाहन तक की बिक्री,गुलजार रहा बाजार**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी धनतेरस में ग्राहकों की भारी भीड़ सुबह से लेकर देर शाम तक हर दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी. सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र मे दीपों के पर्व दीपावली को लेकर बाजार पूरी तरह सज गए है. घर में सुख समृद्धि, यश और वैभव के पर्व धनतेरस पर लोग हाथ में झाड़ तथा एक नया समान लेकर अपने अपने घर शनिवार को जा रहे थे। सम्पन्न परिवार के लोग महंगे-महंगे समान खरीदने में व्यस्त दिखें। खरीदारी को लेकर ग्राहकों की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानदार व उत्पाद निर्माता लुभावना प्रलोभन भी दे रहे हैं। मिट्टी के दीयों की तरफ लोगों का खासा रुझान बढ़ा है। दीपावली पर्व की शुरुआत धनतेरस से मानी जाती है। धनतेरस पर ग्राहकों को रिझाने के लिए इलेक्ट्रिक सामान, आभूषण, कपड़ा व बर्तन विक्रेताओं ने पहले से ही तैयारी कर रखी है। लोग पिछली बार की तरह इस बार भी मिट्टी के दीपों को खूब पसंद कर रहे हैं। लोग अपने मनपसंद दीये, मिट्टी के बने खिलौना के बिक्री होने से मिट्टी के बर्तन निर्माताओं में भी खुशी की लहर है. इलेक्ट्रिक सामान के बाजार में 10 से 15 फीसद का उछाल आ चुका है। लोग एलसीडी की जगह स्मार्ट एलईडी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण टीवी, मोबाईल, वाशिंग मशीन, फ्रिज, पीतल, स्टील वर्तन,मोटरसाईकिल आदि की बिक्री में इजाफा हुआ है।धनतेरस को लेकर सुबह से ही बाजारों में भीड़ देखी जा रही थी।

त्योहारी भीड़ बढ़ने से जाम की समस्या विकराल हो गई है। सोनपुर स्टेशन रोड सहित अन्य जगहों पर जाम लग जाने के कारण आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वही मुख्य सड़कों पर दो व चार चक्के के वाहनों के प्रवेश से घंटों जाम से जूझना पड़ता है। शहर में नो एंट्री की व्यवस्था को सही से लागू न होने से यह समस्या बनी हुई है। शहर मे जाम लगने का मुख्य कारण सड़क पर दोनों किनारे चलंत दुकानदार के द्वारा ठेला लगाकर व्यापार करना, बड़े वाहनों का प्रवेश, टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर की पार्किंग सड़क पर एवं ई रिक्शा सहित अन्य गाड़ियों की ट्रैफिक रूल को पालन न करना है। सुबह से ही बाजारों में टेंपो, ई-रिक्शा, कार बाजारों से गुजरने लगते हैं।



## शार्ट सर्किट से बैंक आफ बड़ौदा में लगी आग

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के महादेवा रोड स्थित बैंक आफ बड़ौदा में शनिवार की सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से बैंक परिसर में रखा लैपटाप, प्रिंटर, एसी सहित अन्य कागजात जलकर राख हो गया। इस मामले में ब्रांच मैनेजर आशीष रंजन सिंह ने महादेवा थाना में आवेदन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह के समय बैंक के अंदर से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। जिसे देख स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल विभाग और बैंक कर्मियों को सूचना दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की लपटों से बैंक में रखे फर्नीचर, कंप्यूटर, एसी, प्रिंटर, इन्वर्टर, दस्तावेज और अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह जल गया। दमकल कर्मियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली थी कि बैंक के अंदर प्रवेश करना मुश्किल हो गया था।

ब्रांच मैनेजर ने बताया कि शनिवार सुबह आग लगने की सूचना मिलने पर सभी लोग मौके पर पहुंचे, तब तक हम लोग पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने में लगे हुए थे। अंदर जाकर देखा गया कि सबकुछ जलकर राख हो चुका था। शार्ट सर्किट से बैंक में आग लगी थी। जिसमें दो कंप्यूटर, दो एसी, सात पंखा, टेबल, दो प्रिंटर, सहित अन्य जलकर राख हो गया। हालांकि पैसा को कोई नुकसान नहीं हुआ है। नुकसान के सटीक आकलन के लिए बैंक प्रबंधन की जांच टीम का इंतजार है।

## आसनसोल–गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी का होगा संचालन

**सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा दीपावाली एवं छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए 03529/03530 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित वाया छपरा, सिवान, देवरिया सदर पूजा विशेष गाड़ी का संचालन आसनसोल से 22 एवं 24 अक्टूबर को तथा गोरखपुर से 23 एवं 25 अक्टूबर को दो फेरों के लिए किया जाएगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 03529 आसनसोल-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 22 एवं 24 अक्टूबर को आसनसोल से 20.30 बजे प्रस्थान कर चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह दूसरे दिन झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, दिघवारा, छपरा, सिवान से 08.15 बजे तथा देवरिया सदर छूटकर गोरखपुर 10.45 बजे पहुंचेगी। जबकि वापसी यात्रा में, 03530 गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 23 एवं 25 अक्टूबर को गोरखपुर से 13.45 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर, सिवान से 16.25 बजे, छपरा से 17.45 बजे छूटकर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन आसनोल 03.50 बजे पहुंचेगी।

## शराब तस्कर हथियार सहित गिरफ्तार

**सिवान।** बड़हरिया थानांतर्गत शराब तस्कर रामबाबू कुमार को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार बड़हरिया थाना क्षेत्र के गौसीहाता धुमनगर निवासी रामबाबू कुमार है। इसके पास से पुलिस ने एक सिक्सर व दो गोली को बरामद किया है। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि बड़हरिया थाना द्वारा 17 अक्टूबर को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बड़हरिया थाना कांड संख्या 487/24 में वांछित अभियुक्त रामबाबू कुमार को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधी इतिहास भी है। उस पर बड़हरिया थाना कांड संख्या 487/24, थावे थाना कांड संख्या 49/23, थावे थाना कांड संख्या 176/23, मीरगंज थाना कांड संख्या 939/23, मीरगंज थाना कांड संख्या 457/23, उचकागांव थाना कांड संख्या 255/20, उचकागांव थाना कांड संख्या 263/22 दर्ज है।

## चैनपुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, 33 किलो बारूद बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** चैनपुर पुलिस ने एक व्यक्ति के घर पर छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखा और बारूद बरामद किया। हालांकि बिना अनुमति पटाखों का निर्माण और भंडारण करने वाले आरोपित पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष विजय रंजन ने बताया कि सूचना मिली कि चैनपुर निवासी मताली खां अपने मकान के पास खाली कमरे में अवैध पटाखा और बारूद का भंडारण किया है। इसके बाद एसआइ दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम छापेमारी की। वहीं पुलिस आने की सूचना मिलते ही मताली खां पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। वहीं पुलिस ने छापेमारी के दौरान मिताली खां एक कमरे से 20 किलो नौशादर और अमोनिया क्लोराइट का मिश्रण, आठ किलो पोटैशियम नाइट्रेट, पांच किलो गंधक सहित आठ कार्टन में अवैध पटाखे बरामद किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके पर जब्त विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित रखा गया। आरोपित के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**रघुनाथपुर (सिवान)** थाना क्षेत्र के नेवारी मोड़ के समीप शनिवार की शाम में सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के सैचानी निवासी धनजी माली के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धनजी माली रघुनाथपुर बाजार में जुलूस देखकर अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी नेवारी मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## बिशना बाबा मंदिर के पुनरुद्धार को ले भूमि पूजन

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय के मोतीचक स्थित श्री बिशना बाबा मंदिर के पुनरुद्धार के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने पूजा अर्चना कर मंदिर के शीघ्र पुनर्निर्माण की कामना की। बताया जाता है कि पिछले सप्ताह पूर्व हथिया नक्षत्र के दौरान हुई तेज वर्षा और आंधी के कारण मंदिर से सटे पीपल का विशाल पेड़ मंदिर पर गिर गया था, जिससे मंदिर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था।

## रसोइयों को प्रधानाध्यापक ने उपहार देकर किया सम्मानित

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के रकौली उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय रकौली परिसर में प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह ने धनतेरस व दीपावली के उपलक्ष्य में नकद, कपड़ा, मिठाई देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में रसोइया सुगंधी देवी, चंद्रावती देवी, मीना देवी एवं सफाई कर्मी संगीता देवी

## सोसाइटी ज्वेलर्स में धनतेरस पर ग्राहकों की लगी रही भीड़

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के चौक बाजार बड़ी मस्जिद के समीप हॉलमार्क ज्वेलरी शोरूम सोसाइटी ज्वेलर्स में धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गई। सिवान का विश्वसनीय लाल बाबू की सबसे पुरानी इस ज्वेलरी शोरूम में धनतेरस पर ग्राहकों ने जमकर सोने-चांदी के आभूषणों और सिक्कों की खरीदारी की। शोरूम पर देर शाम तक खूब रौनक रही। सोसाइटी ज्वेलर्स की ओर से 916 हालमार्क गोल्ड ज्वेलरी व 18 कैरेट सोने के गहनों के अलावा चांदी निर्मित जेवरों पर दिए जा रहे मेकिंग चार्ज में बंपर छूट का लाभ ग्राहकों ने भरपूर उठाया। प्रोपराइटर शंकर प्रसाद ने कहा कि धनतेरस पर सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं को खरीदना बेहद शुभ माना जाता है, इससे साल भर घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने बताया कि लाइट वेट आभूषणों के साथ-साथ सोने व चांदी के सिक्कों की मांग सर्वाधिक रही।

# सीवानः कोलकाता-गोरखपुर-कोलकाता के बीच चलेगा विशेष ट्रेन

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा दीपावाली एवं छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए 03133/03134 कोलकाता-गोरखपुर-कोलकाता अनारक्षित वाया छपरा, सिवान, देवरिया सदर पूजा विशेष गाड़ी का संचालन कोलकाता से 24 अक्टूबर शुक्रवार को तथा गोरखपुर से 25 अक्टूबर शनिवार को किया जाएगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 03133 कोलकाता-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 24 अक्टूबर शुक्रवार को कोलकाता से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन नैहाटी, बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान से 15.25 बजे, भटनी तथा देवरिया सदर छूटकर गोरखपुर 18.00 बजे पहुंचेगी। वहीं बताया कि वापसी यात्रा में 03134 गोरखपुर-कोलकाता अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 25 अक्टूबर शनिवार को गोरखपुर से 21.00 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 22.02 बजे, भटनी से 22.25 बजे, सिवान से 23.15 बजे, दूसरे दिन छपरा छूटकर विभिन्न स्टेशन होते हुए कोलकाता 15.15 बजे पहुंचेगी।

## दीपावली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**सिवान।** नगर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विशेषकर धनतेरस और दिवाली के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने प्रशासनिक व्यवस्था से लोगों को अवगत करते हुए कहा कि लोगों के आस्था से जुड़े दो महत्वपूर्ण पर्व दीपावली और छठ मनाया जाना है। इसके साथ इस बार लोकतंत्र का महापर्व यानी विधानसभा चुनाव भी है। ऐसे में लोगों से शांति और सद्भाव के साथ पर्व संपन्न कराये जाने में प्रशासन को सहयोग देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर जगह दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीपीओ ने कहा कि असामाजिक तत्वों से प्रशासन सख्ती के साथ निबटेगी। लोगों को अफवाह पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी गयी। अंचल पदाधिकारी सदर रवि शेखर ने पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। नगर थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के बारे में भी बताया। मौके पर कैलाश कश्यप, राजीव रंजन राजू, मो कलीम, प्रो असरार अहमद, फजल अली, डा. असगर अली, सैयद माज अर्फी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में धनतेरस की जमकर हुई खरीदारी

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के राजेंद्र पथ छपरा रोड में फतेहपुर बाईपास मोड़ के समीप तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में धनतेरस पर ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। लोगों का पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क में दिन के पूर्वाह्न से ही ग्राहकों का आना शुरू था, वहां देर शाम तक खरीदारों का तांता लगा रहा। ग्राहकों ने ज्वेलरी व सोने-चांदी के सिक्के आदि की जमकर खरीदारी की। शोरूम प्रबंधक अबरार ने बताया कि हमारे यहां धनतेरस पर खरीदारी करने वाले प्रत्येक ग्राहकों को छूट के साथ उपहार दिया गया। यहां सोने के आभूषण की खरीदारी पर प्रति ग्राम 450 रुपये तक की छूट ग्राहकों को दी जा रही थी। वहीं हीरे के आभूषण के मूल्य पर ही 20 प्रतिशत तक का आकर्षक डिस्काउंट ग्राहकों को दिया गया। ग्राहकों ने एसबीआइ क्रेडिट कार्ड से भी खरीदारी कर कैशबैक छूट का लाभ उठाया। पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन के आभूषणों की विस्तृत रेंज, जैसे ईयररिंग, अंगूठी, पेंडेंट और नेकलेस आदि ने ग्राहकों को लुभाया।

## शराब पीने के आरोप में एक गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)** चैनपुर थाना पुलिस ने शराब पीने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित चैनपुर निवासी निक्कू कुमार को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)** थाना की गश्त दल ने शुक्रवार की देर रात भीखपुर व नवलपुर में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया तथा आगे की कार्रवाई के लिए शनिवार को न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में भीखपुर निवासी फेंकू अंसारी तथा नवलपुर निवासी राजेश कुमार यादव शामिल हैं।

## दो वारंटी गिरफ्तार,जेल

**आंदर(सिवान)** असांव थाना की गश्त दल ने शुक्रवार की देर शाम खरदरा गांव में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में खरदरा निवासी विश्राम चौहान व रामदेव चौहान शामिल हैं। दोनों को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

# भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में मौत, शोक

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सारीपट्टी निवासी सत्यदेव सिंह के पुत्र व बिहार प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह का निधन शुक्रवार को देर शाम पटना जाने के क्रम में सारण के दिघवारा के समीप सड़क दुर्घटना में हो गया। उनके निधन की खबर शनिवार की सुबह मिलते ही गांव में शोक का माहौल कायम हो गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। रंजीत सिंह का अपना आवास पटना में भी है। शनिवार को वे स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के नामांकन में पटना से सिवान आए थे। नामांकन के बाद वे गांव पहुंच माता-पिता से मुलाकात करने के बाद स्कूटी से पटना जा रहे थे। पटना जाने के क्रम में दिघवारा के समीप अज्ञात वाहन से धक्का लगने से उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पत्नी बबीता देवी, पुत्र निशांत एवं प्रशांत पुत्री मधु एवं अनु समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। भाजपा नेता के निधन पर भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, महामंत्री अवधेश कुमार पांडेय, काली चरण प्रजापति, उपाध्यक्ष सुजीत पांडेय, ललित मोहन, चंदन सिंह आदि ने शोक व्यक्त की है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, गोरेयाकोठी विधायक देवेश कांत सिंह ने अपने फेसबुक एकाउंट के माध्यम से शोक व्यक्त की है।

# सर सैयद समाज को नई दिशा देने वाले कौम के सच्चे रहनुमा थे

**सिवान।** शहर के इस्माइल शहीद रोड स्थित शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में सर सैयद डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने बड़े ही उत्साह के साथ आधुनिक शिक्षा के अग्रदूत सर सैयद अहमद खां को याद करते हुए खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में छात्रों ने सर सैयद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कौम का सच्चा रहनुमा बताया। विद्यालय के निदेशक प्रो. राशिद शिबली ने कहा कि सर सैयद एक महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अंग्रेजी शिक्षा के महत्व को समझते हुए मोहम्मद एंग्लो ओरिएंटल कालेज अलीगढ़ की स्थापना की। यह कालेज बाद में विश्व प्रसिद्ध अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ। छात्र फारिस फिरोज ने कहा कि सर सैयद ने मुसलमानों के लिए आधुनिक शिक्षा का द्वार खोला और समाज को नई दिशा दी। मौके पर शिक्षिका शबनम जमील, शबाना व इजाज समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## कटिहार स्टेशन पर आरपीएफ के आईजी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का किया सराहना

**कटिहार।** रेल सुरक्षा बल के महानिरीक्षक (आईजी सह पीसीएससी) परमशिव कुमार ने शनिवार को कटिहार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कटिहार स्टेशन पर लगे लगेज स्कैनर, रेल सर्कुलेटिंग एरिया, आरपीएफ पोस्ट, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण से पहले आईजी परमशिव कुमार ने रेलवे ऑफिसर्स क्लब में आरपीएफ सुरक्षा सम्मेलन को भी संबोधित किया। जहां उन्होंने आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों से बातचीत की और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश देते हुए यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। आईजी परमशिव कुमार ने कटिहार रेलवे स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, प्लेटफार्म पर गश्त व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित ट्रेन पेट्रोलिंग और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

आईजी परमशिव कुमार ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कटिहार आरपीएफ कमांडेंट के नेतृत्व में टीम के कार्यों को प्रशंसनीय बताया।

